आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 75 | उज्जैन, बुधवार 05 फरवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुआ पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी और एनटीपीसी में बिजली क्रय करने का अनुबंध

## गाडरवाडा में स्टेज-2 के अंतर्गत 800-800 मेगावॉट की दो यूनिट स्थापित की जा रही हैं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य की दीर्घकालिक ऊर्जा मांग की आपूर्ति के लिये एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी ने एनटीपीसी के साथ बिजली क्रय करने के लिये अनुबंध किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। अनुबंध पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी के एमडी श्री अविनाश लवानिया और एनटीपीसी के जनरल मैनेजर श्री शंकर सरण के बीच हुआ।

एनटीपीसी के पश्चिम क्षेत्र के रीजनल एक्सक्यूटिव डायरेक्टर श्री पीके मिश्रा ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा नरसिंहपुर में गाडरवाडा में स्टेज-2 के अंतर्गत 800-800 मेगावॉट की दो यूनिट स्थापित की जा रही हैं। इनमें से 800 मेगावॉट बिजली केन्द्रीय नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर मध्यप्रदेश को मिलेगी। इनमें उत्पादन 2030-31 शुरू करने का लक्ष्य है। एनटीपीसी द्वारा गाडरवाडा में स्टेज-1 में 800-800 मेगावॉट की दो यूनिट वर्तमान में स्थापित है। इनमें भी 800 मेगावॉट बिजली मध्यप्रदेश को मिल रही है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास में एनटीपीसी के योगदान का स्वागत है। उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों से नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी कार्य करने के संबंध में चर्चा की। अपर मुख्य सचिव श्री मंडलोई ने भोपाल में होने वाली आगामी ग्लोबल इंस्वेटर्स समिट में शामिल होने और ऊर्जा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिये अनुबंध करने के संबंध में बात की। एनटीपीसी के अधिकारियों ने न्यूक्लियर एनर्जी, पम्प स्टोरेज, नवकरणीय ऊर्जा और पॉवर ट्रेडिंग के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# अब सस्ते में खरीद सकेंगे हार्ले डेविडसन और डुकाटी जैसी अमेरिकन बाइक, केंद्र सरकार ने शुल्क में की कटौती




नई दिल्ली (एजेंसी)। अब हार्ले डेविडसन और डुकाटी जैसी बाइक पहले की तुलना में सस्ते दाम पर खरीद सकेंगे। अमेरिका के बाजार में भारतीय निर्यात की बढ़ोतरी को जारी रखने के लिए सरकार ने बजट में अमेरिका से भारत में आने वाली कई वस्तुओं के शुल्क में कटौती की घोषणा की गई है।

अमेरिकी बाइक भी उनमें शामिल हैं। अमेरिका की नई ट्रंप सरकार की नीति को देखते हुए भारत अमेरिका के लिए भी अपने बाजार को आसान बनाए रखना चाहता है। ऐसा नहीं करने पर ट्रंप सरकार अमेरिका निर्यात होने वाली भारतीय वस्तुओं पर ज्यादा शुल्क लगा सकती है जिससे भारतीय वस्तुएं अमेरिका में महंगी हो जाएंगी और उनकी बिक्री प्रभावित हो सकती है।

तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा फैसला- बजट में लिए गए फैसले के मुताबिक अमेरिका से आने वाली 1600 सीसी से कम क्षमता वाली बाइक पर पहले 50 प्रतिशत शुल्क लगता था जिसे 40 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, 1600 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक पर लगने वाले 50 प्रतिशत शुल्क को 30 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क में कमी का फैसला तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा।

# महाकुंभ हादसे के पीछे साजिश, लोकसभा में रविशंकर प्रसाद बोले- षड्यंत्र की बू आ रही




नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को लोकसभा में प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना का उल्लेख किया और कहा कि हादसे में षड्यंत्र की बू आ रही है। जांच पूरी होने के बाद इसके लिए जिम्मेदार लोगों को शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए बिहार के पटना साहिब से सांसद ने कहा कि अब तक 35 करोड़ लोग महाकुंभ में पवित्र स्नान कर चुके हैं।

जल्द सच आएगा सामने- उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हुई त्रासदी की जांच चल रही है। सच जल्द सामने आ जाएगा।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस को घेरा और कहा कि संविधान बचाने का दावा करने वालों को सर्वोच्च संवैधानिक पद का सम्मान करना सीखना चाहिए। साथ ही कहा कि सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करना कांग्रेस की परंपरा रही है तथा उसके राजनीतिक डीएनए में है।

# हमने गरीबों को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में जवाब दे रहे पीएम मोदी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब दे रहे हैं। संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव मंगलवार को भी जारी है।

बता दें कि 31 जनवरी 2025 से संसद का बजट सत्र शुरू है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति ने दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित किया था। पिछले दिनों संसद में हंगामा देखने को मिल रहा है। इस बीच पीएम मोदी आज संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि देश के लोगों ने मुझे 14वीं बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने का अवसर दिया है। इसलिए मैं लोगों का आदरपूर्वक आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि देश की जनता ने मुझे 14वीं बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देने का अवसर दिया है। इसलिए मैं जनता का आदरपूर्वक आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम 2025 में हैं। एक तरह से 21वीं सदी का 25त्न हिस्सा बीत चुका है। 20वीं सदी में आजादी के बाद और 21वीं सदी के पहले 25 वर्षों में क्या हुआ, यह तो आने वाला समय ही तय करेगा।

# 5 फरवरी को कुंभ में जाने के लिए हो जाएं तैयार, रेलवे ने कर दी स्पेशल व्यवस्था!



नई दिल्ली (एजेंसी)। यात्रियों की अत्यधिक भीड़ की समस्या को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर से खुलने वाली जम्मू तवी एक्सप्रेस में 5 फरवरी से एक अतिरिक्त कोच लगाने की घोषणा की है।

इससे यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल सके। रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन नं. 18101 टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री टीयर कोच लगाकर टाटानगर से अमृतसर के बीच चलाया जाएगा।


रांची-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

महाकुंभ मेला 2025 के अवसर पर ट्रेनों मे अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, यात्रियों की सुविधा के लिए 08067/08068 रांची-टुंडलाङ्करांची अतिरिक्त कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा।

08067 रांची-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल पांच फरवरी को रांची से प्रस्थान करेगी। केवल एक ट्रिप ट्रेन का परिचालन होगा।

ये है ट्रेन का टाइम-टेबल- इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 08:00 बजे, मुरी आगमन 09:03 बजे प्रस्थान 09:05 बजे, बरकाकाना आगमन 10:45 बजे प्रस्थान 10:50 बजे, डालटनगंज आगमन 13:20 बजे प्रस्थान 13:22 बजे होगा सासाराम आगमन 17:05 बजे प्रस्थान 17:07 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय आगमन 20:00 बजे प्रस्थान 20:10 बजे, प्रयागराज आगमन 23:10 बजे प्रस्थान 23:20 बजे, गोविन्दपुरी आगमन 02:00 बजे प्रस्थान 02:05 बजे एवं टुंडला आगमन 06:30 बजे होगा।

# पीएम आवास के लाभार्थियों के लिए खुशखबरी, अब आपके वार्ड का पार्षद होगा सर्वे का प्रमुख




नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में आवासहीन परिवारों का विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है। सभी शहरी निकायों में यह सर्वे वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। वार्ड पार्षद को सर्वे प्रमुख बनाया गया है। इसमें जो भी आवासहीन परिवार छूट गए हैं, उनको चिह्नित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग ने स्पष्ट किया है कि एक भी आवासहीन परिवारों की जानकारी छूटनी नहीं चाहिए। सर्वे रिपोर्ट के सत्यापन के बाद ही इनमें से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के लिए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

# 12 फरवरी से दो दिवसीय अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी, डोनाल्ड ट्रंप के साथ इन मुद्दों पर होगी बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। चुनाव जीतने के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप को फोन पर राष्ट्रपति चुनाव जीतने की बधाई दे चुके हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक पीएम मोदी 12 फरवरी से अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे।

मुलाकात के दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा करेंगे। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी 10 और 11 फरवरी को फ्रांस में रहेंगे। यहां वे ग्रैंड पैलेस में आयोजित एआई एक्शन समिट में हिस्सा लेंगे। इसके अगले दिन पीएम मोदी वाशिंगटन के लिए रवाना होंगे। हालांकि यात्रा का आधिकारिक विवरण अभी जारी नहीं किया गया है। मगर इडो-पैसिफिक, रक्षा सहयोग, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा पर विस्तृत बातचीत होगी।

यूएसएड के बंद होने का भारत पर पड़ेगा कम प्रभाव- उधर, ट्रंप प्रशासन ने यूएसएड को बंद करने के संकते दिए हैं। अगर ट्रंप प्रशासन देश के लिए यूएसएआइडी सहायता कार्यक्रम बंद कर देता है तो भारत पर इसका न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सलाहकार और सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख एलन मस्क ने सोमवार को घोषणा की है कि ट्रंप इस कार्यक्रम को बंद करने पर सहमत हो गए हैं। ऐसी सूरत में भारत की बढ़ती आर्थिक वृद्धि पर इसका असर न्यूनतम होगा।

मानवीय सहायता प्रदान करती है एजेंसी-यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) ने लगभग 70 साल पहले भारत में काम करना शुरू किया था। यह संगठन संघर्षों से प्रभावित अन्य देशों को मानवीय सहायता प्रदान करता है और विकासशील देशों को विभिन्न तरीकों से मदद देता है।

भारत को मिलती थी मामूली राशि- चालू वित्तीय वर्ष के दौरान भारत को यूएसएआइडी के माध्यम से 140 मिलियन डॉलर प्राप्त होने थे जो कि भारत के 600 बिलियन डॉलर से अधिक के कुल बजट को देखते हुए एक मामूली राशि थी। इस बीच नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास की वेबसाइट और अन्य जगहों पर यूएसएआईडी से संबंधित सभी पेज हटा दिए गए हैं।

# कौन हैं आकाश बोब्बा? एलन मस्क की DOGE में मिली बड़ी जिम्मेदारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। टेस्ला के सीईओ इस समय अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख के तौर पर अपना दायित्व निभा रहे हैं। एलन मस्क ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी में प्रमुख पदों पर छह युवा इंजीनियरों की एक टीम को काम पर रखा है।

Wired की एक रिपोर्ट के अनुसार जिन इंजीनियरों को उन्होंने काम पर रखा है उनमें से कुछ ने अभी-अभी कॉलेज की पढ़ाई पूरी की है। इस टीम में एडवर्ड कोरिस्टीन, ल्यूक फैरिटोर, गौटियर कोल किलियन, गेविन क्लिगर और एथन शाओट्रान शामिल हैं।

भारतीय मूल के इंजीनियर भी शामिल- इन सभी इंजीनियरों की उम्र 19 से 24 साल की उम्र के बीच के हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ अभी-अभी कॉलेज से निकले हैं, जबकि एक कथित तौर पर अभी भी छात्र है। इनमें भारतीय मूल के आकाश बोब्बा भी शामिल हैं।

मस्क ने युवाओं को किस पद पर रखा- दरअसल, ये इंजीनियर अब कार्मिक प्रबंधन कार्यालय और सामान्य सेवा प्रशासन जैसी के कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात हैं। यहां पर इन इंजीनियरों की पहुंच संवेदनशील सरकारी डेटा तक है। कुछ जानकारों ने इन इंजीनियरों की नियुक्ति को लेकर चिंता जाहिर की है। उनका मानना है कि सरकारी मामलों में अनुभव की कमी और महत्वपूर्ण डेटा की देखरेख परेशानियां खड़ा कर सकती हैं।

जानिए कौन हैं आकाश बोब्बा- एनडीटीवी पर लगी एक खबर के अनुसार भारतीय मूल के आकाश बोब्बा ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफ़ोर्निया, बर्कले में पढ़ाई की है। यहां पर आकाश मैनेजमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप और टेक्नोलॉजी प्रोग्राम का हिस्सा थे। इसको भविष्य के टेक इंडस्ट्री लीडर्स के लिए डिज़ाइन किया गया था। ये जानकारी उनके लिंक्डइन अकाउंट के अनुसार है। इस अकाउंट को अब डिलीट किया जा चुका है।

DOGE का हिस्सा होने से पहले 22 वर्षीय आकाश बोब्बा ने पलान्टिर और हेज फंड ब्रिजवाटर एसोसिएट्स में इंटर्नशिप की। यहां पर उन्होंने AI, डेटा एनालिटिक्स और फाइनेंशियल मॉडलिंग में भी काम किया है।

बोब्बा को क्या मिली जिम्मेदारी- वर्तमान में बोब्बा को अब OPM में विशेषज्ञ के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जो सीधे DOGE के नए चीफ ऑफ स्टाफ और AI और Uber में पूर्व टैलेंट अधिग्रहण प्रमुख अमांडा स्केल्स को रिपोर्ट करते हैं। Wired की एक रिपोर्ट के अनुसार आकाश बोब्बा के पास कथित तौर पर एक सक्रिय GSA ईमेल और A-suite स्तर की मंजूरी है, जिससे उन्हें GSA में सभी भौतिक स्थानों और IT सिस्टम तक पहुंच मिलती है।

# अमेरिका में क्यों बंद हो रहीं सैकड़ों वेबसाइट्स? रक्षा और खुफिया विभाग भी शामिल; क्या है अब ट्रंप की रणनीति?

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में सोमवार को सैकड़ों अमेरिकी वेबसाइट्स बंद हो गई हैं। इनमें मानवीय एजेंसी यूएसएआईडी भी शामिल थी, जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन बंद कर रहा है। साइबर सुरक्षा और बुनियादी ढांचा सुरक्षा एजेंसी (सीआईएसए) की तरफ से प्रदान की गई लगभग 1,400 संघीय साइटों की लिस्ट में से 350 से अधिक साइटें सोमवार दोपहर तक बंद थीं। इनमें रक्षा, वाणिज्य, ऊर्जा, परिवहन, श्रम विभागों के



साथ-साथ केंद्रीय खुफिया एजेंसी और सुप्रीम कोर्ट से जुड़ी साइटें भी शामिल थीं।

साइटें बंद होने का सटीक समय अभी ठीक से पता नहीं चल पाया है, न ही यह जानकारी है कि ट्रंप प्रशासन के निर्देश पर साइटें अस्थायी रूप से ऑफलाइन थीं या हटा दी गई थीं।

वहीं इससे पहले टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क, सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के तहत ट्रंप के संघीय लागत-कटौती प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। सोमवार को मस्क ने लगभग 120 देशों में राहत कार्यक्रम चलाने वाली एजेंसी को आपराधिक संगठन बताते हुए कहा कि यूएसएआईडी को बंद कर दिया जाएगा।

यूएसएआईडी की वेबसाइट ऑफलाइन थी क्योंकि कर्मचारियों को ईमेल की तरफ से निर्देश दिया गया था कि वे सोमवार को अपने कार्यालय न जाएं।

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, टॉप सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों सहित कई अमेरिकी सरकारी वेबसाइटों ने भी पिछले हफ्ते ट्रंप के निर्देश के बाद एलजीबीटीक्यू के संदर्भों को हटा दिया है।


## ट्रंप के फरमान पर अमेरिका से निकाले गए 205 भारतीय, मिलिट्री प्लेन से भेजे गए वापस



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में बिना किसी वैध कागजात के दाखिल होने वाले भारतीयों पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के एक मिलिट्री प्लेन के जरिए 205 अवैध प्रवासियों को भारत भेजा जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए सेना की मदद ली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि सी-17 विमान प्रवासियों को लेकर भारत के लिए रवाना हो चुका है। जानकारी के मुताबिक, 18000 से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। ऐसे भारतीयों का या तो वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है या ये लोग अवैध तरीके से यूएस में दाखिल हुए हैं। पेंटागन ने जानकारी दी है कि एल पासो, टेक्सास और सैन डिएगो, कैलिफोर्निया से 5,000 से अधिक प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए उड़ानें भरी गई हैं। अब तक सैन्य विमानों के जरिए ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास में प्रवासियों को भेजा गया है। ट्रम्प ने पिछले महीने संवाददाताओं से कहा था, इतिहास में पहली बार हम अवैध विदेशियों का पता लगाकर उन्हें सैन्य विमानों से उनके देश भेज रहे हैं।

## स्विमिंग पूल में तैर रही थी 17 साल की लड़की, शार्क के हमले से गई मासूम की जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। टूरिस्ट प्लेस के पानी में शार्क के हमले में एक महिला तैराक की मौत हो गई है। इसके बाद आपातकालीन दल को शाम करीब पांच बजे ब्रिस्बेन से लगभग 80 किलोमीटर (50 मील) उत्तर में ब्रिबी द्वीप के वूरिम समुद्र तट पर बुलाया गया।


क्वींसलैंड राज्य पुलिस ने इस मामले में कहा कि (0600 GMT) एक गंभीर शार्क के काटने की घटना की रिपोर्ट के बाद ऐसा किया गया है।

एक पुलिस प्रवक्ता ने एक ईमेल में कहा, लड़की तैर रही थी जब उसे शार्क ने काट लिया। लड़की को जानलेवा चोटें आईं और उन चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीड़िता की उम्र का खुलासा नहीं किया, हालांकि ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने व्यापक रूप से बताया कि पीड़िता 17 साल की लड़की थी।

एक निवासी क्रिस्टोफर पॉटर ने इस मामले में कहा कि समुद्र तट का इस्तेमाल अक्सर दिन भर तैराकी समूहों की तरफ से किया जाता है। उन्होंने एबीसी न्यूज को बताया, यह ज्ञात है कि ब्रिबी के आसपास बहुत सारी शार्क हैं।

# आर-पार के मूड में चीन! टैरिफ वॉर पर अब ट्रंप को दिया करारा जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन ने अमेरिका के टैरिफ वॉर पर एक्शन लिया है। चीन ने फैसला किया है कि अमेरिका से आयात किए जाने वाले सामानों पर 10 से 15 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। चीन ने अमेरिकी कोयले और एलएनजी उत्पादों पर 15 फीसदी टैरिफ लगाया है। वहीं, अमेरिकी कच्चे तेल और अन्य उत्पादों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है।



वहीं, चीन Google के कामकाज की भी जांच करने वाला है। चीन का आरोप है कि गूगल एंटीट्रस्ट कानूनों का उल्लंघन कर रहा है।

अमेरिका ने चीन पर लगाया 10 फीसदी टैरिफ- हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया था कि चीन पर 10 फीसदी इंपोर्ट टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप के फैसले पर चीन ने आपत्ति जाहिर की थी। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि थी अमेरिका का यह एकतरफा फैसला विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन है।

अमेरिका ने चीन के अलावा कनाडा और मेक्सिको पर भी टैरिफ लगाने का एलान किया था। हालांकि, कनाडा और ट्रंप के मामले पर ट्रंप ने यू टर्न ले लिया। कुछ दिनों पहले ट्रंप ने मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से फोन पर बात कर टैरिफ को टालने पर सहमति जताई।

इसके बाद ट्रंप ने कनाडा पर टैरिफ लगाने के फैसले को 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप के साथ बातचीत अच्छी रही और उन्होंने निर्यात पर लगाए गए 25% टैरिफ को कम से कम 30 दिनों के लिए रोकने पर सहमति जताई है।

# स्पेस से कैसा दिखता है बुर्ज खलीफा? NASA के एस्ट्रोनॉट ने शेयर की तस्वीर; आप भी रह जाएंगे हैरान

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुबई में स्थित बुर्ज खलीफा को दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग के तौर पर जाना जाता है। स्पेस से दुनिया के किसी न किसी हिस्से की तस्वीर आए दिन वायरल होती रहती है। वहीं अब नासा के एस्ट्रोनॉट ने स्पेस से बुर्ज खलीफा की तस्वीर शेयर की है।



अंतरिक्ष यात्री का नाम डोनाल्ड आर. पेटिट है। उन्हें लोग डॉन पेटिट भी कहते हैं। इस तस्वीर में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत अंतरिक्ष से कैसी दिखती है, ये देखकर हर कोई हैरान है। जिस एंगल पर इस तस्वीर को क्लिक किया गया है, उससे हर बुर्ज खलीफा को लेकर हर सवाल का जवाब बेहद खूबसूरती से मिल जाता है।

महाकुंभ की तस्वीर की थी शेयर- तस्वीर में बुर्ज खलीफा किसी रत्न की तरह चमक रहा है। पेटिट ने इसकी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि बुर्ज खलीफा, अंतरिक्ष से दुनिया की सबसे ऊंची इमारत। डॉन पेटिट अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के एक मिशन पर गए हैं।

बता दें कि डॉन पेटिट ने पहली बार अंतरिक्ष से पृथ्वी की कोई तस्वीर नहीं शेयर की है। वह आए दिन अपने सोशल मीडिया पर नई-नई तस्वीरें पोस्ट करते रहते हैं। इसके पहले उन्होंने प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ की तस्वीर भी शेयर की थी।

1996 में नासा के लिए चुने गए- डॉन पेटिट न्यू मेक्सिको के लॉस एलामोस स्थित नेशनल लेबोरेटरी में 1984 से 1996 तक स्टाफ वैज्ञानिक के रूप में काम कर चुके हैं। पेटिट की उम्र 70 साल है।

# दिल्ली नहीं, देश के इस राज्य में लैंड करेगा अमेरिकी मिलिट्री विमान, 205 भारतीयों को अमेरिका ने भेजा वापस

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका से 205 अवैध प्रवासी भारतीयों को वापस भारत भेजा गया है। अमेरिका के मिलिट्री प्लेन सी-17 विमान के जरिए सभी 205 भारतीय वापस भारत आ रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इन सभी 205 लोगों की पहचान करने के बाद ही इन्हें डिपोर्ट किया गया है। जानकारी के मुताबिक, विमान अमृतसर में लैंड करने वाला है।



ट्रंप प्रशासन ने क्या कहा- अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि यह घटना एक स्पष्ट संदेश देती है कि अवैध प्रवासन को लेकर अमेरिका कोई जोखिम नहीं लेने वाला।

उन्होंने कहा, मुझे भारत में निर्वासन उड़ान की रिपोर्ट पर कई पूछताछ प्राप्त हुई हैं। मैं उनके पूछताछ पर कोई विवरण साझा नहीं कर सकता, लेकिन मैं रिकॉर्ड पर साझा कर सकता हूं कि अमेरिका अपनी सीमा की रक्षा सख्ती से कर रहा है, आव्रजन को सख्त कर रहा है।

अमेरिका में 18 हजार भारतीय अवैध प्रवासी- ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार,18000 से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। ऐसे भारतीयों का या तो वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है या ये लोग अवैध तरीके से यूएस में दाखिल हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि भविष्य में अमेरिका और भी कई भारतीयों को वापस भेजने वाला है।

# भारत में इतनी खराब एयर क्वालिटी..., निखिल कामथ का पॉडकास्ट बीच में छोड़कर चला गया अमेरिकी अरबपति



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी टेक अरबपति ब्रायन जॉनसन को तो आप जानते ही होंगे। एक ऐसा शख्स, जिसने खुद को हमेशा जवान रखने का फॉर्मूला ईजाद किया है। इसके लिए वह अपने शरीर पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च करते हैं।

ब्रायन जॉनसन हाल ही में भारत यात्रा पर आए थे। यहां वह स्टॉक ब्रोकिंग फर्म जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ के साथ एक पॉडकास्ट में शामिल हुए। लेकिन ये पॉडकास्ट केवल 10 मिनट ही चल पाया। इसके बाद ब्रायन बीच में ही उठकर चले गए।

ब्रायन जॉनसन ने सोशल मीडिया पर खुद स्वीकार किया है कि वह पॉडकास्ट बीच में ही छोड़कर चले गए थे। उन्होंने इसके पीछे प्रदूषण को जिम्मेदार बताया है। ब्रायन ने कहा कि जब मैं इंडिया में था, मैंने इस पॉडकास्ट को खराब एयर क्वालिटी के कारण जल्दी खत्म कर दिया। उन्होंने कामथ की तारीफ करते हुए कहा कि निखिल कामथ शानदार होस्ट हैं और हम साथ में अच्छा समय बिताते हैं। समस्या ये थी कि जिस कमरे में शूट हो रहा था, वहां बाहर की हवा आ रही थी और इस कारण मेरा लाया हुआ एयर प्यूरिफायर ठीक से काम नहीं कर पा रहा था।

## मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं क्या? असम सरकार को SC की फटकार...



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित (डिपोर्ट) न करने के लिए असम सरकार पर नाराजगी जाहिर की है। असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार की आलोचना करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल उठाए।

असम सरकार से नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट- सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि क्या वो इन लोगों को अनिश्चित काल तक हिरासत केंद्रों में रखेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने असम के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि निर्वासन संभव नहीं था क्योंकि प्रवासियों ने अपने विदेशी पते का खुलासा नहीं किया था। कोर्ट ने लोगों को डिपोर्ट करने को लेकर असम सरकार से ये भी पूछा कि क्या वो किसी मुहुर्त का इंतजार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को दो सप्ताह के भीतर हिरासत केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को निर्वासित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने असम सरकार से कहा कि वह सीमावर्ती राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट करने की प्रक्रिया के दौरान विदेशी घोषित किए वर्तमान में हिरासत केंद्रों में बंद 63 लोगों को वापस भेजे।

## गौ-तस्करों को बीच सड़क गोली मारने का आदेश, कर्नाटक के मंत्री बोले- किसी को बख्शा नहीं जाएगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। गौ तस्करी का मामला देश के ज्यादातर राज्यों में देखने को मिलता है। इसके खिलाफ स्थानीय प्रशासन सख्त कार्यवाई भी करता है, लेकिन इसके बावजूद तस्कर बेखौफ कानून को हाथ में लेते हैं। अब इसको लेकर कर्नाटक सरकार एक्शन मोड में आ गई है।

तस्करों को खुलेआम गोली मारी जाएगी- दरअसल, उत्तर कन्नड़ जिले में गाय चोरी की घटनाओं के बीच, जिले के प्रभारी मंत्री मंकल एस वैद्य ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को खुलेआम गोली मार दी जाएगी।

गर्भवती गाय की हत्या पर बोले मंत्री वैद्य- मंत्री ने कहा कि वह जिले में ऐसी गतिविधियों को जारी नहीं रहने देंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन गायों की रक्षा और उन्हें पालने वालों के हितों के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। मंत्री का यह बयान यहां होन्नावर के पास एक गर्भवती गाय की हत्या की हालिया घटना पर आक्रोश के मद्देनजर आया है।

सख्त कार्रवाई होगी- पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि इसके पीछे जो लोग हैं, चाहे वे कोई भी हों, उनके खिलाफ निर्दयी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी चीजें जारी रहीं तो मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि आरोपियों को सड़क पर गोली मार दी जाए।

## बेंगलुरु में परिवहन विभाग का एक्शन, टैक्स चोरी के आरोप में फेरारी, BMW समेत 30 कारें जब्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु परिवहन विभाग ने आवश्यक करों का भुगतान किए बिना राज्य में चलने वाली कारों पर सख्त कार्रवाई की। बेंगलुरु परिवहन विभाग ने कर चोरी के आरोप में फेरारी, पोर्श, बीएमडब्ल्यू, ऑडी, एस्टन मार्टिन और रेंज रोवर सहित 30 लग्जरी कारों को जब्त कर लिया। परिवहन उपायुक्त सी मल्लिकार्जुन ने हफ्ते के अंत में ऑपरेशन का नेतृत्व किया।

अधिकारियों ने चलाया अभियान- परिवहन विभाग बेंगलुरु में लग्जरी वाहन मालिकों के बीच टैक्स अनुपालन की दिशा में काम कर रहा है। रविवार को परिवहन उपायुक्त सी मल्लिकार्जुन के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बी श्रीनिवास प्रसाद, दीपक, श्रीनिवासप्पा और रंजीत सहित 41 अधिकारियों की एक टीम ने अभियान चलाया और 3 करोड़ रुपये के कर नोटिस जारी किए।

मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 47 के अनुसार, यदि एक राज्य में रजिस्टर्ड मोटर वाहन को एक साल से अधिक समय तक दूसरे राज्य में रखा जाता है, तो मालिक को एक नया रजिस्ट्रेशन चिह्न प्राप्त करना होगा।

इस क्षेत्र में साइलेंट जोन बनाने पर बात- वहीं इससे पहले नोएडा में एक एलान हुआ, कहा जा रहा है कि पुणे और बंगलूरू की तर्ज पर गौतमबुद्ध नगर में भी साइलेंट जोन बनाए जाएंगे। इन जोन में हार्न बजाने पर रोक रहेगी। कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी लोगों की मदद से जिले में दिन और रात के समय होने वाले शोर को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं, नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पूर्व में चिह्नित 140 साइलेंट जोन समेत तीनों प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित साइलेंट जोन पर भी काम किया जा रहा है।

यातायात व्यवस्था को सुधारने पर मंथन- गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस जिले की यातायात व्यवस्था को सुधारने पर मंथन कर रही है। सड़क हादसों का ग्राफ नीचे लाने के साथ ही वाहनों से होने वाले अनावश्यक शोर को कम करना भी प्राथमिकता में है।

## गैरजिम्मेदार राजनीति करते हैं राहुल गांधी, सेना प्रमुख को लेकर कांग्रेस सांसद के बयान पर भड़के राजनाथ सिंह



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चीन को लेकर किए गए दावे पर सियासी बवाल मच गया। अब उनके इस बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह गहरे अफसोस की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं। उन्होंने कहा, वो झूठ बोल रहे हैं।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान विपक्ष के नेता ने कल कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी, जिसमें उन्होंने इस बात से इनकार किया था कि चीनी सेना हमारे क्षेत्र के अंदर हैं। उन्होंने कहा, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के बयानों के विपरीत है राहुल गांधी का बयान।

गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं राहुल गांधी- सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्री ने लिखा- सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों की तरफ से पारंपरिक गश्त में व्यवधान का उल्लेख था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में हुई सैन्य वापसी के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल किया गया है। सरकार ने संसद में ये विवरण साझा किए हैं।

झूठ बोल रहे हैं राहुल गांधी- राजनाथ सिंह ने आगे लिखा- राहुल गांधी की तरफ से सेना प्रमुख के लिए कहे गए शब्द कभी भी उनके द्वारा नहीं बोले गए थे। यह बहुत खेद की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं। वो झूठ बोल रहे हैं, यदि कोई भारतीय क्षेत्र है जिसमें चीन घुसा है, तो वह 1962 के युद्ध के बाद अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी और 1963 में पाकिस्तान की तरफ से चीन को अवैध रूप से सौंपे गए 5,180 वर्ग किमी क्षेत्र है।

राहुल गांधी ने कहा था,

प्रधानमंत्री ने इस बात से इनकार किया है कि चीनी सेनाएं हमारे क्षेत्र के अंदर हैं, लेकिन किसी कारण से, हमारी सेना चीनियों से हमारे क्षेत्र में उनके प्रवेश के बारे में बात करती रहती है और हमारे सेनाध्यक्ष ने कहा है कि चीनी हमारे क्षेत्र के अंदर हैं, यह सच तो यह है, यह आविष्कार नहीं है, यह एक सच्चाई है।

## कहां बनेगा मनमोहन सिंह का स्मारक? केंद्र ने परिवार को इस जगह का दिया प्रस्ताव



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के निर्माण के लिए राजघाट परिसर में उनके परिवार को जमीन देने की पेशकश की है। दिसंबर में पूर्व पीएम का निधन हुआ था, जिसके बाद सरकार ने स्मारक बनाने का एलान किया था।

यहां दी गई जगह- सरकारी सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया कि सरकार ने जो जगह दी है वो भूखंड पूर्व कांग्रेस नेता प्रणब मुखर्जी के स्मारक के बगल में है, जो पूर्व राष्ट्रपति थे।

ट्रस्ट को 25 लाख रुपये देगी सरकार- सरकार परिवार द्वारा ट्रस्ट बनाने का इंतजार कर रही है और ट्रस्ट बनने के बाद जमीन आवंटित की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि सरकार स्मारक बनाने के लिए ट्रस्ट को 25 लाख रुपये देगी।

आर्थिक उदारीकरण के जनक माने जाते हैं मनमोहन- मनमोहन सिंह को देश के आर्थिक उदारीकरण का जनक कहा जाता है। देश की अर्थव्यवस्था पर उन्होंने स्थायी प्रभाव छोड़ा था। वे 1991 में वित्त मंत्री थे, जब भारत में अभूतपूर्व सुधार हुए, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया के लिए खोला गया। मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहे।

कांग्रेस ने भाजपा पर कसा था तंज- पिछले साल 26 दिसंबर को उनके निधन के बाद, कांग्रेस ने मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए उपयुक्त स्थान नहीं खोज पाने के लिए सरकार की आलोचना की थी। पलटवार करते हुए भाजपा ने कांग्रेस को याद दिलाया कि उसने कभी पीवी नरसिम्हा राव के लिए स्मारक नहीं बनवाया।

विवाद बढ़ने पर सरकार ने पिछले महीने प्रणब मुखर्जी के स्मारक के लिए भूमि आवंटित की थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 माघ शुक्ल अष्टमी


## संपादकीय

# बचपन, वह समय जब ज़िंदगी किसी स्कूल की घंटी या होमवर्क की कॉपी में नहीं बंधी होती थी...



बचपन, वह समय जब ज़िंदगी किसी स्कूल की घंटी या होमवर्क की कॉपी में नहीं बंधी होती थी। वह समय जब खुशियां गली-मोहल्ले के छोटे-से मैदान में सिमटी होती थीं और उन खुशियों का सबसे खूबसूरत हिस्सा था इलास्टिक बैंड। सोचती हूं, कितना साधारण-सा तो खेल था। बस एक लंबा इलास्टिक, जो किसी पुरानी सिलाई किट या मम्मी की नज़र से बचाकर चुपके से उठा लिया जाता था। लेकिन उस साधारण इलास्टिक में बचपन की सबसे रंगीन यादें बंधी हुई हैं। आजकल के बच्चों को सुनकर लगेगा कि इलास्टिक बैंड, ये भी कोई खेल हो सकता है भला। जी हां, हो सकता है और वो भी बहुत ही मज़ेदार।

चलो, इलास्टिक बैंड खेलते हैं! जैसे ही ये आवाज़ गली में गूंजती, चारों ओर से लड़कियां अपनी चोटी संवारती और सरपट दौड़ी चली आतीं। कोई घर से अपनी चप्पल उतारकर आती तो कोई अपनी मां की डांट सुनने के बावजूद, बस खेलने को तैयार रहतीं। खेल का मैदान हुआ करती थी एक गली जिसकी दीवारों पर सफेदी झर रही होती थी और फ़र्श पर बारिश की बूंदों के पुराने निशान। यही गली हमारी दुनिया थी। यहां हर कूद, हर जीत, हर हार, और हर गिरावट में हमारे सपने बसते थे। दुनिया से बेख़बर होकर जब खेल की शुरुआत होती तो इलास्टिक दो लड़कियों के पैरों पर कसकर बांध दिया जाता। पहले दौर में इलास्टिक नीचे रहता, सिर्फ़ टखनों तक। खेल के नियम के अनुसार खिलाड़ी को पहले इलास्टिक की दोनों लाईनों के बीच में कूदना होता था और दूसरी तरफ़ जाना होता था। अगले स्टेप में कूदते हुए दोनों पैरों से इलास्टिक को दबाते जाना होता था, और फिर एक तरफ़ की इलास्टिक को पैरों में फांसकर दूसरे इलास्टिक के पार करना होता था जो एक त्रिकोण जैसा आकार ले लेता था। फिर उसे छोड़कर एक और छलांग लगानी होती थी और वापस आते हुए दोबारा दोनों इलास्टिक को दोनों पैरों से दबाते हुए आना होता था। आख़री स्टेप होता जब दोनों इलास्टिक के बीच में कूदकर एक खिलाड़ी की ओर मुख कर के दोनों पैरों से दोनों अलग इलास्टिक को एक साथ, फिर दोनो पैर बाहर की तरफ़ और फिर वापस अंदर आना होता था।

अंत में खिलाड़ी को वापस अपनी जगह पर छलांग लगाकर लौट जाना होता था। इस समय तक तो खेल आसान सा लगता था लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता, इलास्टिक धीरे-धीरे ऊपर चढ़ने लगता घुटनों तक, फिर कमर तक, और फिर कंधों तक। हर एक स्टेज पार करने के बाद खेल मुश्किल होता चला जाता था, इतना ऊंचा कूद पाना सबके बस की बात नहीं थी। जब मैं पहली बार कूदने को तैयार होती तो ऐसा लगता जैसे मैं किसी बड़ी लड़ाई के लिए उतर रही हूं। मन में डर और जोश का अजीब सा मिश्रण होता। एक, दो, तीन! ये कहते हुए छलांग मारती और अगर पार कर जाती तो ऐसा लगता जैसे मैंने दुनिया ही जीत ली हो। लेकिन ये खेल तो हार-जीत का था ही नहीं। खेल की मुश्किल बढ़ते हुए कई बार मेरे पैर उलझ जाते और मैं इलास्टिक के बंधन में गिर पड़ती। उस गिरने पर दोस्तों की हंसी गूंजती। वह हंसी उपहास नहीं हुआ करती थी, बल्कि वो तो फिर से उठने का हौसला देती थी।

जब भी कोई साथी इलास्टिक बैंड पार करता या करती तो गली में खुशी की गूंज सुनाई देती। लड़कियों की तालियां और चीख तो पूरे मोहल्ले को जगा देती थी। कोई वाह, कमाल कर दिया! कहता, तो कोई अगली बार और ऊंचा कूदने का चैलेंज देता। हमारे बीच कोई प्रतियोगिता नहीं थी, लेकिन एक अदृश्य बंधन था। वो ऐसा दौर था जब सब लोग मिलकर एक-दूसरे को प्रेरित करते, हंसते, और कभी-कभी छुप-छुपकर चीटिंग भी करते। यह खेल सिर्फ़ शरीर को ही नहीं, हमारे दिलों को भी जोड़ता था।

# जानकी वल्लभ शास्त्री



जानकी वल्लभ शास्त्री प्रसिद्ध कवि थे। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भारत भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे उन थोड़े-से कवियों में रहे, जिन्हें हिंदी कविता के पाठकों से बहुत मान-सम्मान मिला। आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री का काव्य संसार बहुत ही विविध और व्यापक है। प्रारंभ में उन्होंने संस्कृत में कविताएँ लिखीं। फिर महाकवि निराला की प्रेरणा से हिंदी में आए।

### जन्म

जानकी वल्लभ शास्त्री का जन्म 5 फरवरी 1916 में बिहार के मैगरा गाँव में हुआ था। इनके पिता स्व. रामानुग्रह शर्मा था। उन्हें पशुओं का पालन करना बहुत पसंद था। उनके यहाँ दर्जनों गउएं, सांड, बछड़े तथा बिल्लियाँ और कुत्ते थे। पशुओं से उन्हें इतना प्रेम था कि गाय क्या, बछड़ों को भी बेचते नहीं थे और उनके मरने पर उन्हें अपने आवास के परिसर में दफ़न करते थे। उनका दाना-पानी जुटाने में उनका परेशान रहना स्वाभाविक था।

### शिक्षा

जानकी वल्लभ शास्त्री ने मात्र 11 वर्ष की वय में ही इन्होंने 1927 में बिहार-उड़ीसा की प्रथमा परीक्षा (सरकारी संस्कृत परीक्षा) प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। शास्त्री की उपाधि 16 वर्ष की आयु में प्राप्तकर ये काशी हिन्दू विश्वविद्यालय चले गए। ये वहां 1932 से 1938 तक रहे। उनकी विधिवत् शिक्षा-दीक्षा तो संस्कृत में ही हुई थी, लेकिन अपने श्रम से उन्होंने अंग्रेज़ी और बांग्ला का प्रभूत ज्ञान प्राप्त किया। वह रवींद्रनाथ के गीत सुनते थे और उन्हें गाते भी थे।

### कार्यक्षेत्र

अत्यंत बाल्य-वय में ही इनको अपने माता की स्नेहिल-छाया से वंचित हो जाना पड़ा। आर्थिक समस्याओं के निदान हेतु इन्होंने बीच-बीच में नौकरी भी की। 1936 में लाहौर में अध्यापन कार्य किया और 1937-38 में रायगढ़ (मध्य प्रदेश) में राजकवि भी रहे। 1934-35 में इन्होंने साहित्याचार्य की उपाधि स्वर्णपदक के साथ अर्जित की और पूर्वबंग सारस्वत समाज ढाका के द्वारा साहित्यरत्न घोषित किए गए। 1940-41 में रायगढ़ छोड़कर मुजफ्फरपुर आने पर इन्होंने वेदांतशास्त्री और वेदांताचार्य की परीक्षाएं बिहार भर में प्रथम आकर पास की। 1944 से 1952 तक गवर्नमेंट संस्कृत कॉलेज में साहित्य-विभाग में प्राध्यापक, पुनः अध्यक्ष रहे। 1953 से 1978 तक बिहार विश्वविद्यालय के रामदयालु सिंह कॉलिज, मुजफ्फरपुर में हिन्दी के प्राध्यापक रहकर 1979-80 में अवकाश ग्रहण किया।

### रचनाएँ

जानकी वल्लभ शास्त्री का पहला गीत किसने बांसुरी बजाई बहुत लोकप्रिय हुआ। प्रो. नलिन विमोचन शर्मा ने उन्हें प्रसाद, निराला, पंत और महादेवी के बाद पांचवां छायावादी कवि कहा है, लेकिन सचाई यह है कि वे भारतेंदु और श्रीधर पाठक द्वारा प्रवर्तित और विकसित उस स्वच्छंद धारा के अंतिम कवि थे, जो छायावादी अतिशय लाक्षणिकता और भावात्मक रहस्यात्मकता से मुक्त थी। शास्त्रीजी ने कहानियाँ, काव्य-नाटक, आत्मकथा, संस्मरण, उपन्यास और आलोचना भी लिखी है। उनका उपन्यास कालिदास भी बृहत प्रसिद्ध हुआ था।

### पहली रचना गोविन्दगानम

इन्होंने सोलह-सत्रह की अवस्था में ही लिखना प्रारंभ किया था। इनकी प्रथम रचना 'गोविंदगानम्' है जिसकी पदशय्या को कवि जयदेव से अबोध स्पर्द्धा की विपरिणति मानते हैं। 'रूप-अरूप' और 'तीन-तरंग' के गीतों के पश्चात 'कालन', 'अपर्णा', 'लीलाकमल' और 'बांसों का झुरमुट'- चार कथा संग्रह कमशः प्रकाशित हुए। इनके द्वारा लिखित चार समीक्षात्मक ग्रंथ-'साहित्यदर्शन', 'चिंताधारा,' 'त्रयी', और 'प्राच्य साहित्य' हिन्दी में भावात्मक समीक्षा के सर्जनात्मक रूप के कारण समादृत हुआ।1945-50 तक इनके चार गीति काव्य प्रकाशित हुए-'शिप्रा', 'अवन्तिका',' मेघगीत' और 'संगम'। कथाकाव्य 'गाथा' का प्रकाशन सामाजिक दृष्टिकोण से क्रांतिकारी है। इन्होंने एक महाकाव्य 'राधा' की रचना की जो सन 1971 में प्रकाशित हुई। 'हंस बलाका' गद्य महाकाव्य की इनकी रचना हिन्दी जगत् की एक अमूल्य निधि है। छायावादोत्तर काल में प्रकाशित पत्र-साहित्य में व्यक्तिगत पत्रों के स्वतंत्र संकलन के अंतर्गत शास्त्री द्वारा संपादित 'निराला के पत्र' (1971) उल्लेखनीय है। इनकी प्रमुख कृतियां संस्कृत में- 'काकली', 'बंदीमंदिरम', 'लीलापद्मम्', हिन्दी में 'रूप-अरूप', 'कानन', 'अपर्णा', 'साहित्यदर्शन', 'गाथा', 'तीर-तरंग', 'शिप्रा', 'अवन्तिका', 'मेघगीत', 'चिंताधारा', 'प्राच्यसाहित्य', 'त्रयी', 'पाषाणी', 'तमसा', 'एक किरण सौ झाइयां', 'स्मृति के वातायन', 'मन की बात', 'हंस बलाका', 'राधा' आदि हैं।

जानकी वल्लभ शास्त्री की रचनाएँ

काव्य संग्रह
बाललता
अंकुर
उन्मेष
रूप-अरूप
तीर-तरंग
शिप्रा
अवन्तिका
मेघगीत
गाथा
प्यासी-पृथ्वी
काव्य संग्रह
संगम
उत्पलदल
चन्दन वन
शिशिर किरण
हंस किंकिणी
सुरसरी
गीत
वितान
धूपतरी
बंदी मंदिरम
समीक्षा
साहित्य दर्शन
त्रयी
प्राच्य साहित्य
स्थायी भाव और सामयिक साहित्य
चिन्ताधारा
संगीतिका
पाषाणी
तमसा
इरावती
नाटक
देवी
ज़िन्दगी
आदमी
नील-झील
उपन्यास
एक किरण = सौ झांइयां
दो तिनकों का घोंसला
अश्वबुद्ध
कालिदास
चाणक्य शिखा (अधूरा)
कहानी संग्रह
कानन
अपर्णा
लीला कमल
सत्यकाम
बांसों का झुरमुट
ग़ज़ल संग्रह
सुने कौन नग़मा
महाकाव्य
राधा
संस्कृत काव्य
काकली
संस्मरण
अजन्ता की ओर
निराला के पत्र
स्मृति के वातायन
नाट्य सम्राट पृथ्वीराज कपूर
हंस-बलाका
कर्म क्षेत्रे मरु क्षेत्र
अनकहा निराला
ललित निबंध
मन की बात
जो न बिक सकीं
भाषा और शैली

आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री किसी ख़ास विचारधारा के कवि नहीं हैं। उनकी रचनाओं में साहित्य की सभी धारायें समाहित हैं। मूलतः संस्कृत भाषा और साहित्य के आचार्य रहे आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री जी अंग्रेज़ी-बांग्ला व्हिन्दी आदि अनेक भाषाओं के विद्वान् है। राका और बेला जैसी पत्रिकाओं का संपादन किया। दार्शनिकता और संगीत उनके गीतों को लोकप्रिय बनाते हैं। रस और आनंद की उनकी कविताओं, गीतों में प्रमुखता रही है। राग केदार उनका प्रिय राग रहा है। उनके गीतों में जीवन का वह पहलू है जो शांति और स्थिरता का कायल है। वे कहते हैं गोल गोल घूमना इसमें नहीं है। बाहर से कुछ छीन झपटकर ले आने की खुशी नहीं अपने को पाने का आनंद है। उनसे बात-चीत के क्रम में हमें उनकी दार्शनिकता और उनकी जीवन शैली वैदिक ऋषि परंपरा की याद दिलाती रही। शास्त्री जी ने अपने जीवन के मानक स्वयं गढे हैं।

सब अपनी अपनी कहते है।
कोई न किसी की सुनता है,
नाहक कोई सिर धुनता है।
दिल बहलाने को चल फिर कर,
फिर सब अपने में रहते है।
सबके सिर पर है भार प्रचुर,
सबका हारा बेचारा उर
अब ऊपर ही ऊपर हँसते,
भीतर दुर्भर दुख सहते है।

# नारायण मूर्ति से भी आगे निकले मस्क, कर दी 120 घंटे काम करने की वकालत



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी अरबपति और टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने वर्क लाइफ बैलेंस पर नई बहस छेड़ दी है। उनका कहना है कि एक हफ्ते में 120 घंटे काम करना चाहिए। वह इतना काम करने वालों की तारीफ कर रहे हैं और इसे सुपरपावर जैसा बता रहे हैं। अभी भारत में 70 से 90 घंटे के वर्किंग आवर्स पर बहस हो रही थी। लेकिन, मस्क इससे भी दो कदम आगे निकल गए।

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत में मस्क का काफी अहम योगदान रहा है। ट्रंप सरकार ने मस्क को बड़ी जिम्मेदारी भी दी है। वह 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' के प्रमुख है, जिसका काम सरकार को खर्च का बोझ कम करने के रास्ते सुझाना है। साथ ही, भ्रष्टाचार और प्रशासन से जुड़ी अन्य समस्याओं को जड़ से खत्म करना है।

वीकेंड पर काम करने को बताया सुपरपावर- मस्क ने लंबे काम के घंटों की तारीफ की। उन्होंने दावा किया कि छ्ष्ठलक्ष्य के कर्मचारी हफ्ते में 120 घंटे तक काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने विरोधियों पर निशाना भी साधा, जो हफ्ते में 40 घंटे काम करने का दावा करते हैं। मस्क का कहना है कि विरोधी शायद इसी वजह से पीछे छूट रहे हैं।

टेक अरबपति ने वीकेंड में काम करने को सुपरपावर बताया। साथ ही कहा कि नौकरशाही के विरोधी बहुत मोटा हो रहे हैं क्योंकि वे हफ्ते में सिर्फ 40 घंटे काम करते हैं। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नौकरशाही में बहुत कम लोग असल में वीकेंड पर काम करते हैं। इसलिए ऐसा लगता है कि विरोधी टीम 2 दिनों के लिए पूरी तरह से मैदान छोड़ देती है!

मस्क पर भड़के इंटरनेट यूजर्स- एलन मस्क के 120 घंटे काम करने के बयान के बाद सोशल मीडिया यूजर्स उनकी कड़ी आलोचना करने लगे। कुछ तो उन्हें टेरिबल बॉस तक बता दिया।

एक यूजर कुछ आंकड़े दिए, जिनसे पता चलता है कि छ्श्ब्द्द कर्मचारी हफ्ते में दो दिन छुट्टी लेते हैं, बाकी सभी दिन वे 24 घंटे काम करते हैं। उसने लिखा, तो... छ्श्ब्द्द एलियंस और रोबोट से बना है! या फिर मस्क खुद को बेहतर दिखाने के लिए कुछ भी बोल रहे हैं।

## 3400% चढ़ गया अनिल अंबानी का यह शेयर, 1.13 रुपये से 39 रुपये के पार पहुंचा दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में धुआंधार तेजी आई है। रिलायंस पावर के शेयर मंगलवार को 5 पर्सेंट उछलकर 39.91 रुपये पर बंद हुए हैं। रिलायंस पावर के शेयर 5 साल से कम में 3400त्न से ज्यादा चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर इस अवधि में 1.13 रुपये से बढ़कर 40 रुपये के करीब जा पहुंचे हैं। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 54.25 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 19.37 रुपये है। रिलायंस पावर का मार्केट कैप 16000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.13 रुपये पर थे। पावर कंपनी के शेयर 4 फरवरी 2025 को 39.91 रुपये पर बंद हुए हैं। इस अवधि में रिलायंस पावर के शेयरों में 3431 पर्सेंट का उछाल आया है। पिछले 4 साल में अनिल अंबानी की इस कंपनी के शेयरों में 1102 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 3.32 रुपये से बढ़कर 39 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। रिलायंस पावर स्टैंडअलोन बेसिस पर कर्ज मुक्त हो गई है।

रिलायंस पावर के शेयर पिछले 2 साल में 239 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। पावर कंपनी के शेयर 3 फरवरी 2023 को 11.75 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 4 फरवरी 2025 को 39.91 रुपये पर बंद हुए हैं।

# क्लर्क से लेकर सिविल सेवा अधिकारी तक, किसकी सैलरी में कितना होगा इजाफा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। यह जनवरी 2026 से लागू हो सकता है। इसका लाभ 1 करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलेगा। आइए जानते हैं कि 8वें वेतन आयोग के साथ लेवल वाइज केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में कितना बड़ा बदलाव होगा।

8वें वेतन आयोग में लेवल वाइज कितनी सैलरी बढ़ेगी- 8वें वेतन आयोग में सैलरी में बढ़ोतरी फिटमेंट फैक्टर के हिसाब से होगी। एक्सपर्ट का अनुमान है कि यह 1.92 से 2.86 के बीच हो सकता है। आइए समझते हैं कि अगर अधिकतम 2.86 फिटमेंट फैक्टर मंजूर होता है, तो लेवल वाइज केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में कितना इजाफा होगा।

लेवल 1 की बात करें, तो इसमें चपरासी, अटेंडर और सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। इनका मौजूदा मूल वेतन 18,000 रुपये है। यह 2.86 फिटमेंट फैक्टर से बढ़कर 51,480 रुपये हो सकता है। इसका मतलब कि सैलरी में 33,480 रुपये की बढ़ोतरी होगी।

लेवल 2 में लोअर डिविजन के क्लर्क आते हैं। इनका मूल वेतन फिलहाल 19,900 रुपये है। यह 8वां वेतन आयोग लागू होने पर 56,914 रुपये तक बढ़ सकता है। इसका मतलब है कि इन कर्मचारियों को 37,014 रुपये की हाइक मिल सकती है।

लेवल 3 में कॉन्स्टेबल या स्किल स्टाफ शामिल होते हैं। उन्हें अभी 21,700 रुपये का मूल वेतन मिलता है। 2.86 फिटमेंट फैक्टर से इनका वेतन 40,362 रुपये बढ़कर 62,062 रुपये तक पहुंच जाएगा।

लेवल 4 में ग्रेड डी स्टेनोग्राफर और जूनियर क्लर्क आते हैं। इनकी बेसिक सैलरी फिलहाल 25,500 रुपये है। यह 8वें वेतन आयोग के बाद बढ़कर 72,930 रुपये हो सकता है। इसका मतलब हाइक 47,430 रुपये की होगी।

# ट्रंप ने दिया सरप्राइज, सेंसेक्स-निफ्टी में तूफानी तेजी; अब आगे क्या?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत का शेयर बाजार सोमवार को क्रैश कर गया था। लेकिन, आज इसने जोरदार तरीके से बाउंसबैक किया है। निफ्टी 50 इंडेक्स 148.85 अंकों (0.64त्न) की बढ़त के साथ 23,509.90 पर खुला। वहीं, बीएसई सेंसेक्स 500.86 अंकों (0.65त्न) की मजबूती के साथ 77,687.60 पर पहुंच गया। सुबह करीब 10 बजे तक दोनों प्रमुख सूचकांक में करीब एक-एक फीसदी का उछाल देखने को मिल रहा था।

आइए जानते हैं कि शेयर बाजार में तेजी की क्या वजह है और क्या ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

डोनाल्ड ट्रंप की वजह से बाजार में आई तेजी- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शेयर बाजार को लगातार सरप्राइज कर रहे हैं। पहले उन्होंने कनाडा, मेक्सिको और चीन पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया था। इससे दुनिया भर में ट्रेड वॉर की आशंका छिड़ गई थी और जापान, दक्षिण कोरिया के साथ भारतीय शेयर बाजार भी क्रैश कर गया था। हालांकि, अब ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर टैरिफ लगाने की योजना को स्थगित कर दिया है। इससे भारत समेत दुनियाभर के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है।

# नए डायरेक्ट टैक्स कोड 2025 में क्या होगा खास, किन सुधारों पर रहेगा सरकार का फोकस?




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि प्रत्यक्ष कर की नई संहिता तकनीक व पारदर्शिता पर आधारित होगी। यह डेटा पर आधारित नीति होगी, जो टैक्सपेयर्स के मित्र के रूप में काम करेगी। इसकी भाषा को बिल्कुल सरल किया जा रहा है।


बजट की बारीकियों को समझने के लिए औद्योगिक संगठन सीआईआई की तरफ से मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल ने कहा कि विभाग इनकम टैक्स संबंधी प्रविधान व नियमों को लगातार सरल बनाने में लगा हुआ है। बजट में प्रत्यक्ष कर की नई संहिता लाने की घोषणा की गई है जिसे अगले महीने संसद में पेश किया जाएगा।

मौजूदा टैक्स कोड में क्या दिक्कत है- हालांकि वित्त मंत्रालय का कहना है कि नई संहिता से जुड़ा बिल संसद में पेश होने के बाद संसदीय कमेटी के पास भेजा जाएगा। उनकी सिफारिशों के बाद ही संहिता पर अंतिम फैसला होगा। वर्तमान में प्रत्यक्ष कर संहिता पढ़ने और समझने दोनों में काफी जटिल है।

विशेषज्ञों के मुताबिक मान लीजिए किसी एक प्रावधान के बारे में पेज नंबर 10 पर लिखा है तो उसी प्रावधान से जुड़े दूसरे क्लाज पेज नंबर 110 पर दिया गया है ,जबकि उसे समान पेज पर होना चाहिए। वर्तमान संहिता में इस प्रकार की कई सारी विसंगतियां है।

आय को इनकम टैक्स से छिपाना आसान नहीं- सीडीबीटी चेयरमैन ने कहा कि लोगों की आय की ट्रैकिंग के लिए अब विभाग तकनीकी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रहा है। इसलिए विभाग की नजर से आय को छिपाना अब आसान नहीं है। उन्होंने बताया कि टैक्स डिडक्शन एट सोर्स (टीडीएस) का मुख्य उद्देश्य आय को ट्रैक करना होता है।

## आसमान पर पहुंचे सोने के भाव, चांदी की कीमतों में उछाल; क्या करें खरीदार?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने की कीमतों में सोमवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। यह पहली बार 85,300 प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में तेजी लगातार बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के चलते दर्ज की गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, रुपये में गिरावट और मजबूत ग्लोबल ट्रेंड सोने के भाव में इजाफे की बड़ी वजह हैं।

सोने और चांदी की ताजा कीमतें

सोना (24 कैरेट)= 85,300 प्रति 10 ग्राम

सोना (22 कैरेट)= 84,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 96,000 प्रति किलो (300 बढ़त)

गोल्ड शनिवार को ?84,900 पर बंद हुआ था।

सोने के कीमतों में लगातार चौथे दिन बढ़त दिखी।

रुपये में गिरावट से बढ़ रहा सोना- भारतीय रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 55 पैसे गिरकर 87.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह इसका नया ऑल टाइम लो-लेवल है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# SSC Scam: CISF भर्ती में साल्वर गैंग का खुलासा, ज्वानिंग करने पहुंचे 9 फर्जी अभ्यर्थी गिरफ्तार

ग्वालियर। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों में आरक्षक भर्ती के लिए आयोजित आनलाइन परीक्षा के बाद ज्वाइनिंग के दौरान बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। परीक्षा में छत्तीसगढ़ के साल्वर शामिल हुए। वे उत्तीर्ण भी हो गए।

उनकी जगह मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान मूल के नौ अभ्यर्थी बीएसएफ की टेकनपुर स्थित अकादमी में ज्वाइनिंग के लिए पहुंचे तो दस्तावेज और बायोमैट्रिक जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया।बीएसएफ ने नौ फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा

सभी नौ फर्जी अभ्यर्थियों को बीएसएफ ने पकड़ लिया और उनके विरुद्ध सोमवार देर रात ग्वालियर के बिलौआ थाने में एफआइआर दर्ज कराई। पूछताछ में साल्वर और इनके दलालों के देशव्यापी नेटवर्क का राजफाश हो सकता है।

इसकी जड़ तक पहुंचने के लिए ग्वालियर पुलिस के अधिकारियों ने एक विशेष टीम बनाई गई है। मंगलवार को सभी आरोपितों को गिरफ्तार करके बिलौआ थाना लाया गया। थाना प्रभारी इला टंडन के अनुसार बुधवार को इन्हें कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा।

### ऐसे हुआ फर्जीवाड़ा

फर्जी अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि बीएसएफ में 800 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आनलाइन परीक्षा वर्ष 2024 में आयोजित की गई। इसमें दलालों के जरिये साल्वर से संपर्क हुआ। कुछ रुपये परीक्षा से पहले और बाकी रुपये परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दिए गए।




### अपने ही नाम से किया था आवेदन

साल्वरों ने अपने ही नाम से आवेदन किए। इन्हीं के बायोमैट्रिक पहचान के सैंपल आवेदन और परीक्षा के समय लिए गए। इससे पहले 21 से 25 जनवरी के बीच दस्तावेज और बायोमैट्रिक पहचान का परीक्षण हुआ। इसमें साल्वरों के नाम पर ये फर्जी अभ्यर्थी ज्वाइन करने पहुंचे थे। बायोमैट्रिक पहचान से पुष्टि न होने पर फर्जीवाड़ा खुल गया।

### छत्तीसगढ़ के सभी साल्वर

सभी साल्वर छत्तीसगढ़ के हैं। एक ही नाम के दो अभ्यर्थी भी हैं लेकिन पता अलग-अलग है। इससे आशंका है कि साल्वर एक ही गिरोह के सदस्य हो सकते हैं। यह भी संभव है कि उनके दस्तावेज भी फर्जी हों। इसके लिए पुलिस को उन लोगों तक पहुंचना होगा।

# 500 पहुंची मरीजों की संख्या, शिवपुरी में भंडारे का बासी भोजन करने वाले ग्रामीणों को फूड पॉइजनिंग

शिवपुरी। शिवपुरी के करैरा अनुभाग के ग्राम मामौनीकलां में भंडारे का बासी भोजन खाने से सैकड़ों ग्रामीण बीमार हो गए। शनिवार और रविवार को हुए इस सामूहिक आयोजन के बाद सोमवार को ग्रामीणों में उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई थी।

हालात बिगड़ने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंची और मरीजों का इलाज किया। हालांकि, मंगलवार को स्थिति और गंभीर हो गई, जिससे कई मरीजों को जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा। तीन डॉक्टरों की टीम गांव में तैनात सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में शिविर लगाकर 300 मरीजों का इलाज किया, जिसमें से 91 लोगों को करैरा और सिरसौद अस्पताल रेफर किया गया। प्रारंभिक इलाज के बाद कई मरीज मंगलवार को घर लौट आए, लेकिन कुछ की तबीयत फिर बिगड़ गई।

इसके अलावा, कई नए ग्रामीण भी बीमार हो गए। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को दोबारा गांव में शिविर लगाया, जहां तीन डॉक्टरों की टीम लगातार मरीजों का इलाज कर रही है।



### फूड पॉइजनिंग का असर तीन दिन तक रह सकता है

सीबीएमओ करैरा डॉ. रोहित भदकारिया ने बताया कि फूड पॉइजनिंग का असर तीन दिन तक रह सकता है। करैरा में भर्ती कई मरीज बिना डिस्चार्ज हुए ही गांव लौट आए थे, जिनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। अब तक करीब 500 ग्रामीण उल्टी-दस्त से पीड़ित हो चुके हैं, जिनमें से आठ को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### ग्रामीणों की हालत गंभीर, स्वास्थ्य विभाग सतर्क

गांव की पीड़ित ग्रामीण रामकली लोधी ने बताया कि जिन लोगों ने कल इलाज करवाया था, उनकी तबीयत फिर से बिगड़ गई है। पंचायत में करीब 500 लोग बीमार हैं, लेकिन इलाज के बावजूद राहत नहीं मिल रही।

# 200 किमी तक किया किडनैपर का पीछा कर 5 थानों की पुलिस ने, छह घंटे में युवक को छुड़ाया



बड़वानी। बड़वानी जिले के निवाली थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक दिलीप गुजरे का अपहरण कर लिया गया। वह पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल जा रहे थे, तभी एक लाल रंग की कार में सवार 3-4 अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ता रोककर दिलीप को जबरन कार में बैठा लिया और फरार हो गए।

### पुलिस ने 6 घंटे में बचाया

घटना सोमवार शाम 6:30 बजे की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया। बड़वानी और महाराष्ट्र के पांच थानों की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर तकनीक की मदद से आरोपितों का पीछा किया।200 किमी किया पीछा

पुलिस ने करीब 200 किमी तक पीछा करते हुए 6 घंटे के भीतर महाराष्ट्र के रावेर से अपहृत युवक को सुरक्षित छुड़ा लिया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसपी डावर ने निवाली थाना पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

### इनकी गिरफ्तारी

आरोपितों की पहचान सुजित काले (32), अनिकेत काले (30), महेश मगर (32) और अविनाश नलवडे (31) के रूप में हुई। सभी आरोपी पुणे, महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामले में अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराएं भी जोड़ दीं।

# मेरी हर सांस का विश्वास हैं दशरथ नंदन...

भोपाल के शायर अंजुम ने लिखी श्रीराम पर गजल, पीएम मोदी ने की प्रशंसा भोपाल। राजधानी भोपाल के एक शायर अंजुम बाराबंकवी ने भगवान राम पर केंद्रित गजलों की एक किताब लिख रहे हैं। इसमें 51 गजलें शामिल होंगी। अंजुम ने इस श्रृंखला की एक गजल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजी तो वे भी उनके मुरीद हो गए। अब प्रधानमंत्री ने शायर को एक पत्र भेजा है।

शायर ने कहा मेरे जीवन पर श्रीराम का बड़ा प्रभाव शायर अंजुम बाराबंकवी ने बताया कि मेरे जीवन पर श्रीराम का बड़ा प्रभाव है। इसलिए राम पर गजल लिखी है ओर आगे भी लिखेंगे।



श्रीराम का व्यक्तित्व मुझे बचपन से ही प्रभावित करता रहा है। राम भले ही पुत्र के रूप में हो, भाई के रूप में हो या पति के रूप में हो या फिर वह राजा के रूप में राम हों।

उन्होंने जो मानक स्थापित किए हैं, वह कोई और नहीं कर सकता है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने नौ जनवरी को प्रधानमंत्री को स्पीड पोस्ट से एक गजल भेजी थी। उसका मुखड़ा था- डर लगता है मगर पास हैं दशरथ नंदन,मेरी हर सांस का विश्वास है दशरथ नंदन...।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की एक वर्ष पूर्ण होने पर अपनी प्रसन्नता को राम गजल में लिखकर अभिव्यक्त करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

राम गजल में प्रभु श्रीराम के प्रति अपने प्रेम को आपने बहुत सुंदर ढंग से दर्शाया है।प्रभु श्रीराम साक्षात धर्म के यानी कर्तव्य के सजीव रूप हैं।

अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व के भाव के साथ, अमृत काल में एक भव्य और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हम अग्रसर हैं।

मुझे विश्वास है कि आप जैसे देशवासियों द्वारा किए जा रहे प्रयास राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

शायर अंजुम बाराबंकवी ने बताया कि मैंने ये गजल जून 2024 में लिखी थी, जो कई जगह प्रकाशित हुई थी। इस साल अक्टूबर में इसकी पुस्तक आएगी जिसका नाम है राम गजलें। इसमें श्रीराम पर 51 गजलें होंगी, जो राम के चारित्र पर केंद्रित हैं।

# छोटे भाई ने बड़े भाई की लट्ठ मारकर कर दी हत्या

झाबुआ। जिले के माछलिया गांव में छोटे भाई ने बड़े भाई की आपसी विवाद के चलते लट्ठ मारकर हत्या कर दी। जब मामला उजागर हुआ तो छोटे भाई की तबीयत बिगड़ गई और उसकी भी मौत हो गई। कालीदेवी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों भाईयों विवाद किस बात को लेकर हुआ था। स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### यह है पूरा मामला

सोमवार की रात ग्राम माछलिया के बाबू पुत्र भुंदरू डामोर (52) व अकरम पुत्र भूंदरू डामोर (45) दोनों भाईयों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

तैश में आकर छोटे भाई अकरम ने बड़े भाई बाबू के सिर पर लट्ठ से वार कर दिया। गंभीर अवस्था में स्वजन बाबू को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामा पहुंचे।लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि आरोपित अकरम दिव्यांग था।

हमेशा उसे चलने के लिए लट्ठ की आवश्यकता पड़ती है। उसी लट्ठ से उसके बड़े भाई बाबू पर वार किया था।

### हो हल्ला मचते ही बिगड़ी तबीयत

पुलिस के अनुसार सोमवार की रात जैसे ही बाबू की मौत का समाचार ग्रामीणों के साथ-साथ आरोपित अकरम को पता चला तो डर के कारण उसकी भी तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान उसकी भी मौत हो गई। दोनों ही भाईयों के शव का पोस्टमार्टम पुलिस ने रामा स्वास्थ्य केंद्र पर करवाया। इस दौरान मृतकों के स्वजनों की भीड़ लगी रही।



# सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में विभाग अपनी रैंकिंग सुधारें



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि जिले के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दें। प्रतिदिन आने वाले आवेदनों के तत्काल निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करें। 50 दिन से अधिक की अवधि के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। सभी विभाग सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में रैंकिंग सुधार के प्रयास करें। अविवादित सीमांकन, नामांतरण, बटवारा सहित विभिन्न प्रकार के राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुयी। बैठक् में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीइओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी.अहिरवार, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री गौरव बैनल, श्री रोशन राय तथा निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर अभियान के तहत नियमित फालोअप के निर्देश दिए।

जिले में निर्माण कार्यों में हो रही परेशानियों एवं अतिक्रमण संबंधी बाधाओं को हटाए जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिये। बैठक में नल-जल योजनाओं के चल रहे कार्यों एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने धारणाधिकार की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश भी दिये।

## दिगंबर अखाड़ा प्रयागराज में उत्सव संत संगम



इंदौर। प्रयागराज महाकुंभ में पूर्वी क्षेत्र के सिद्ध स्थान अरण्य धाम संत आश्रम बावड़ी वाले हनुमान मंदिर के अधिष्ठाता महंत श्री 108 रामजी बाबा को महामंडलेश्वर की चादर ओढ़ी गई, दिगंबर अखाड़े में महामंडलेश्वर संत महात्माओ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पदवी दी गई।

अरण्य धाम संत आश्रम के सीताराम भक्त मंडल से कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में दिगंबर अखाड़े के महामंडलेश्वर वैष्णवदासजी महाराज, महामंडलेश्वर पुरुषोत्तमदासजी महाराज, हंसराज मठ के महामंडलेश्वर रामचरणदासजी महाराज, पंचकुइया से महामंडलेश्वर रामगोपाल दासजी महाराज आदि अनेक संत महात्माओं की उपस्थिति में अरण्य धाम संत आश्रम के प्रतिष्ठाता महंत 108 श्री राम जी बाबा को महामंडलेश्वर की पदवी दी गई। शनिवार को 3 घंटे तक चले इए दिव्य आयोजन में हर्षोल्लास एवं धर्म अध्यात्म का माहौल रहा, इस अवसर पर महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, अब अरण्य धाम संत आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर 100 8 श्री श्री रामजी बाबा हो गए हैं।

## उप संचालक उद्यान कार्यालय में रिसोर्स पर्सन के लिये आवेदन आमंत्रित

इंदौर। इंदौर जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर लाभार्थियों को हैंड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिये जिला रिसोर्स पर्सन (फेसिलेटर के रूप में) कार्य कराने के लिये इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिला रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य करने के लिए इच्छुक आवेदक 10 फरवरी 2025 की शाम 6 बजे तक उप संचालक, उद्यान कार्यालय इंदौर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उप संचालक उद्यान कार्यालय इंदौर ने बताया कि रिसोर्स पर्सन, एकल उद्योगों एवं समूहों को डीपीआर तैयार करने, बैंक से ऋण लेने, एफएसएसएआई के खाद्य मानकों, उद्योग आधार, जीएसटी आदि सहित आवश्यक पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राप्त करने में सहायता जैसी हैंड होल्डिंग सेवाएं प्रदान करेंगे, जिसमें आवश्यकतानुसार ग्राम, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर अनिवार्य रूप से कार्रवाही सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध कराई गई सहायता के आधार पर रिसोर्स पर्सन का भुगतान, बैंक से ऋण की स्वीकृति के कुल 20 हजार रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा, जिसमें से प्रथमतः 50 प्रतिशत का भुगतान बैंक ऋण की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा और द्वितीय शेष 50 प्रतिशत का भुगतान उद्योग को जीएसटी एवं उद्योग आधार पंजीकरण प्राप्त होने तथा एफएसएसएआई मानकों के अनुपालन, परियोजना के इम्प्लीमैंटेशन तथा ट्रेनिंग प्रदान करने के पश्चात किया जाएगा। विस्तृत जानकारी उप संचालक उद्यान कार्यालय चिड़ियाघर के पास, इंदौर से प्राप्त की जा सकती है।

## मासिक सैनिक सम्मलेन का आयोजन 07 फरवरी को

इंदौर। इंदौर जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों में निवासित सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों को सूचित किया गया है कि मासिक सैनिक सम्मलेन का आयोजन 07 फरवरी 2025 को सुबह 11:30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कालोनी इंदौर के सभागार में किया जाएगा। इस दौरान कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, इंदौर, सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दौरान पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, आश्रितों एवं वीर नारियों की समस्या का निदान किया जायेगा एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। अतः सभी पूर्व सैनिकों एवं परिवारों से आग्रह है कि 07 फरवरी 2025 को सुबह 11:15 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयरामपुर कालोनी इंदौर के सभागार में उपस्थित रहकर इस अवसर का लाभ ले।

## पद्मश्री सम्मान के लिए नामांकित श्री भेरू सिंह चौहान का कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने किया स्वागत



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में भारत सरकार के प्रतिष्ठित सम्मान पद्मश्री के लिए नामांकित श्री भेरू सिंह चौहान का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। श्री भेरु सिंह चौहान को निर्गुण भजन और मालवी संस्कृति में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत सरकार द्वारा पदमश्री से सम्मानित किया जाएगा। श्री भेरू सिंह चौहान मालवा के प्रसिद्ध निर्गुण लोक/कबीर गायक हैं। श्री चौहान इंदौर जिले की डॉ. अम्बेडकर नगर महू तहसील के छोटे से गांव बजरंगपुरा से आते हैं। इन्हें संगीत की विरासत घर से ही मिली है। इनके पिता श्री मादू चौहान भी कबीर गायन करते थे। निर्गुण भक्ति गायक श्री भेरू सिंह चौहान पिछले 50 सालों से लोक मौखिक परंपरा को कायम रखने में अपना योगदान दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी को केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले प्रतिष्ठित विभूतियों को पद्म श्री देने की घोषणा की गई, जिसमें मध्यप्रदेश के श्री भेरूसिंह चौहान (कला), श्री बुधेन्द्र कुमार जैन (चिकित्सा), श्री हरचंदन सिंह भट्टी (कला), श्री जगदीश जोशिला (साहित्य एवं शिक्षा) और श्रीमती सैली होल्कर (व्यापार एवं उद्योग) शामिल हैं।

## नलकूप खनन मय मोटर पंप स्थापना कार्य हेतु 4.522 लाख रुपये की स्वीकृति जारी

इंदौर। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में सांसद श्री शंकर लालवानी की अनुशंसा पर एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग इंदौर द्वारा प्रेषित प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति के आधार पर कलेक्टर कार्यालय इंदौर द्वारा इंदौर नगर वार्ड क्रमांक 44 में एलआईजी गुरूद्वारा के पास सार्वजनिक उपयोग हेतु नलकूप खनन मय मोटर पंप स्थापना कार्य रिचार्ज पिट सहित करने हेतु कुल 4.522 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

# गांधी हॉल में गुलाब प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

### माहसी के उद्यान के गुलाब को प्रतिष्ठित क्वीन ऑफ़ द शो पुरस्कार से किया गया सम्मानित




इंदौर। मालवा रोज सोसायटी के तत्वावधान में 01 एवं 02 फरवरी को गांधी हॉल में 37वीं गुलाब प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में 350 से अधिक प्रजातियों के लगभग तीन हजार गुलाब प्रदर्शित किये गये। गुलाब प्रदर्शनी में संस्था माहसी, एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज इन्दौर के उद्यान के गुलाब को प्रतिष्ठित ''क्वीन ऑफ़ द शो'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुलाब उद्यान को संस्थागत उद्यान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही विभिन्न श्रेणियों में दो प्रथम पुरस्कार, चार द्वितीय पुरस्कार और चार सांत्वना पुरस्कार मिलाकर संस्था को कुल 10 पुरस्कार प्राप्त हुए।

उक्त पुरस्कार इंडियन रोज फेडरेशन अध्यक्ष श्रीमती संयोगिता धनवते, डॉ. डी.के. तनेजा, श्री ब्रजेश सारस्वत, अध्यक्ष, मालवा रोज सोसायटी एवं डॉ. अरुण सराफ, सचिव, मालवा रोज सोसायटी द्वारा विजेताओं को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये गये। डॉ. प्रीति तनेजा, पूर्व विभागाध्यक्ष, फिजियोलाजी विभाग, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर एवं माहसी की अनुसंधान समिति की प्रमुख प्राचार्य डॉ. रामहरि मीणा, उप-निदेशक एवं प्रशासकीय अधिकारी श्री हेमंत कुमार शुक्ला, उद्यान प्रभारी डॉ. नीरज सिंह एवं उद्यान माली श्री रामकुमार यादव ने प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

डॉ. डी.के. तनेजा, पूर्व अधिष्ठाता, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर एवं संस्थापक निदेशक माहसी ने मालवा रोज सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए गुलाबों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शहर की गुलाब प्रेमी जनता की सक्रियता एवं उत्साह की प्रशंसा की। मालवा रोज सोसायटी के अध्यक्ष श्री ब्रजेश सारस्वत ने डॉ. डी.के. तनेजा की सोसायटी के प्रति किये गये कार्यों एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

संस्था माहसी का गुलाब उद्यान शहर का प्रमुख उद्यान है, जिसमें 100 से अधिक प्रजातियों के गुलाब डॉ. प्रीति तनेजा के मार्गदर्शन एवं देखरेख में लगाये गये हैं जो छात्रों को शिक्षण के साथ-साथ प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाने में सहयोग प्रदान करते हैं। आज की व्यस्ततम जीवनशैली में मानसिक शांति प्राप्त करने के साथ-साथ उत्साहवर्धन के लिए प्रकृति के साथ कुछ पल बिताना अति आवश्यक है, ऐसे में शहर में गुलाबों के प्रति लगाव बढ़ रहा है। ज्ञातव्य है कि गत वर्ष भी संस्था माहसी को गुलाब प्रदर्शनी में संस्थागत गुलाब उद्यान पुरस्कार एवं अन्य अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए थे।

## प्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास

इंदौर। प्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। गीले कचरे को कंपोस्टिंग के लिये कटनी और सागर शहर में अत्याधुनिक स्वचालित इकाइयां लगाई गई हैं, जहां 16 शहरों से कचरा लाकर उसे कंपोस्ट में बदला जा रहा है।


इंदौर में गीले कचरे से बायो सीएनजी तैयार करने के लिये 550 टन प्रतिदिन क्षमता की गोबरधन इकाई लगाई गई है।

रीवा और जबलपुर में कचरे से बिजली बनाने की इकाइयाँ भी संचालित हो रही है। इनमें प्रतिदिन 950 टन कचरे का प्र-संस्करण किया जाकर 18 मेगावॉट बिजली पैदा की जा रही है।

प्रदेश के 10 नगरीय निकायों के लिये क्लस्टर आधार पर 1018.85 टन प्रतिदिन क्षमता की इकाइयों के लिये केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर-उज्जैन में 607 टन कचरे से बिजली बनाने की यूनिट्स का काम प्रस्तावित है। इनके प्रारंभ होने से 12.15 मेगावॉट बिजली प्राप्त होगी।

## रोजगार मेले (युवा संगम) के माध्यम से मिली 122 आवेदकों को नौकरी

इंदौर। राज्य शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेरोजगार आवेदकों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला उद्योग केंद्र इंदौर के सामूहिक प्रयास से आज रोजगार मेला (युवा संगम) कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नंदा नगर में आयोजित किया गया। इस मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में 122 आवेदकों को नौकरी दिलायी गई। इस युवा संगम कार्यक्रम में 231 युवक-युवतियों ने भाग लिया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि मेले में 18 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इन्होंने साक्षात्कार लेकर 122 (27 आवेदिका, 95 आवेदक) का प्रारंभिक रूप से चयन किया। यह चयन सेल्स एक्जिकिटीव, टेलीकॉलर, पेकिंग, सैल्स, टीमलिडर, ड्राइवर, बैकआफिस, हैल्पर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर आदि पदों के लिए किया गया। जिला उद्योग केंद्र द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 32 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी/मार्गदर्शन दिया गया।




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु महापौर मुकेश टटवाल ने किया वार्ड क्र. 1 एवं 2 का भ्रमण

उज्जैन। नागरिकों की नगर निगम से जुडी मूलभुत समस्याओं सफाई व्यवस्था, नाली निकासी, स्ट्रीट लाइट, चेम्बस रिपेयरिंग इत्यादि के निराकरण हेतु महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वार्डो का भ्रमण एमआईसी सदस्यो, क्षेत्रीय पार्षद एवं निगम अधिकारियों के साथ किया जा रहा है। जिसका आरंभ मंगलवार को वार्ड क्र. 1 एवं 2 में भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करते हुए किया गया।

महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा सर्वप्रथम वार्ड क्रमांक 01 सिद्धवट मंदिर में पूजन करते हुए भ्रमण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। भ्रमण के दौरान सिद्धवट मंदिर घाट के पुजारियों द्वारा बताया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं मुख्य द्वार की गेट पर लाइटिंग लगवाई जाना



आवश्यक है। जिस पर महापौर श्री टटवाल द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

वार्ड क्र. 1 की विभिन्न गलियों में भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से पानी निकासी एवं नालियों की सफाई नहीं होने की समस्या वार्ड के नागरिकों द्वारा बताई गई जिसके क्रम में महापौर द्वारा निर्देश दिए गए की नाला गैंग के कर्मचारियों द्वारा एक साथ कार्य करते हुए नालियों की सफाई की जाए साथ ही जहां नाली का पानी सड़कों पर ओवर फ्लो हो रहा है उसे सीवर मशीन द्वारा पंप करते हुए खाली करवाया जाए।

वार्ड क्रमांक 2 में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वीर सावरकर चौराहे के पास प्याऊ को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए प्याऊ चालू करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही क्षेत्रीय पार्षद श्री हेमंत गहलोत द्वारा हाई मास्क चालू करवाने, चेम्बर रिपेयरिंग करवाने, महावीर नगर क्षेत्र में टाटा द्वारा एक माह से अधिक समय तक मार्ग को अवरुद्ध करते हुए कार्य किया जा रहा है जिससे आवागमन में समस्या होती है से अवगत कराया गया जिस पर महापौर द्वारा टाटा के अधिकारियों को नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान नगर निगम के प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिल्पज्ञ विभाग के अधिकारी अपने संसाधनों के साथ उपस्थित रहे, साथ ही वार्डों में भ्रमण के दौरान महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का शाल, श्रीफल भेंट करते हुए सम्मान किया गया।

# महाकाल मंदिर में नर्मदा जयंती पर कोटितीर्थ कुंड पर जलाए 5 हजार दीप

## पंडे-पुजारियों ने ढोल-ढमाकों से की महाआरती, सुंदरकांड भजन के साथ बंटा हलवे का प्रसाद



उज्जैन। महाकाल मंदिर में मंगलवार को नर्मदा जयंती के अवसर पर कोटितीर्थ कुंड पर मां नर्मदा की प्रतिमा का अभिषेक-पूजन किया गया। इसके पश्चात पंडे-पुजारियों ने ढोल-ढमाकों से मां नर्मदा की महाआरती की। मंडली द्वारा सुंदरकांड व भजन संध्या प्रस्तुत की गई। भक्तों को हलवे का प्रसाद बांटा गया।

नर्मदा जयंती उत्सव का आयोजन महाकाल मंदिर के पुजारी विजय शंकर शर्मा, पुजारी अभिषेक शर्मा बाला गुरु के सानिध्य में संपन्न हुआ। पुजारी बाला गुरु ने बताया भगवान महाकाल की संध्या आरती के दौरान कोटितीर्थ कुंड के किनारे 5 हजार दीप प्रज्वलित किए गए।

ढोल-ढमाकों से महाआरती व आतिशबाजी की गई। फूलों व गुब्बारों से सजावट देखते ही बन रही थी। देर शाम कुंड के किनारे पंडित जस्सू गुरु महाराज की मंडली द्वारा परंपरागत रूप से संगीतमय सुंदरकांड व भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# स्वर्गीय तोमर को श्रद्धांजलि अर्पित



उज्जैन। संस्था सरल काव्यांजलि ने शोकसभा आयोजित कर हाल ही में दिवंगत हुए अपने संस्था सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार, सम्पादक सुखरामसिंह तोमर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. संजय नागर, संतोष सुपेकर, राजेन्द्र देवधरे, मानसिंह शरद, गोपाल कृष्ण निगम और हर्ष सैनी आदि ने स्वर्गीय तोमर की स्मृति को नमन किया। जानकारी सरल काव्यांजलि के नितिन पोल ने दी।

# मां नर्मदा जयंती पर्व पर किया दुग्धाभिषेक एवं दुग्ध वितरण कर



उज्जैन। मां नर्मदा जयंती पर्व पर रामघाट पर भगतसिंह सेवा समिति एवं रामघाट तीर्थ पुरोहित सभा के संयुक्त तत्वाधान में मां भगवती क्षिप्रा का सायंकालीन दुग्धाभिषेक कर चुनरी अर्पित की गई। तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा तीर्थ नगरियों में शराबबंदी के निर्णय का अभिवादन मानव श्रृंखला के रूप में कर दुग्ध वितरण किया गया। साथ ही शहर की सीमा से मांस की दुकानें हटाने का निवेदन किया।

जानकारी देते हुए पं. अम्रतेष त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में आशीर्वाददाता के रूप में महामंडलेश्वर श्रीवीरा माता जूना अखाड़ा जबलपुर, मुख्य अतिथि के रूप में बहन कलावती जी यादव (निगम सभापति उज्जैन), श्रीमति पूजा अमृतेश त्रिवेदी शासकीय पुजारी 13/84 श्री कामेश्वर महादेव, सहित मोहित त्रिवेदी,वेदांत व्यास,अंकुर गोलश,शैलेन्द्र व्यास ,शुभम डब्बावाला,यश जोशी,गौरव उपाध्याय,ऋषभ त्रिवेदी आदि सहित सेंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत निवेश करने के विरुद्ध प्रदर्शन



उज्जैन। आल इंडिया इन्सुरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के आव्हान पर बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा 74 प्रतिशत से 100 प्रतिशत करने के खिलाफ इन्सुरेंस एम्प्लाइज यूनियन के सदस्यों ने उज्जैन की स्थानीय तीनों शाखाओं पर प्रदर्शन किया।

धर्मेंद्र शर्मा ने विदेशी निवेश की सीमा 100 प्रतिशत किये जाने के दुष्परिणामो को रेखांकित करते हुए सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की माँग की व एलआयसी की उल्लेखनीय प्रगति के बारे में अपनी राय रखी। युवा साथी निधि श्रीमाली ने स्थितियों को निराशाजनक बताते हुए प्रतिभाशाली युवाओ के लिए नए अवसर देने की माँग करते हुए निगम में नई भर्ती की मांग की। सभा को प्रशांत सोहले ने संबोधित करते हुए सौ प्रतिशत विदेशी निवेश के खिलाफ संघर्ष की मांगों को दोहराते हुए साथियों से हड़ताल के लिए तैयार रहने का आव्हान किया।

हेमंत शर्मा ने अपनी बातें रखते हुए जोरदार नारेबाजी की। अनिल कुरेल ने चुनौतीपूर्ण माहौल में संघर्षरत रहते हुए के आव्हान को सफल करने का आव्हान किया। कुलदीप सिंह क्षत्रिय ने वर्तमान सरकार द्वारा बीमा कानून संशोधन विधेयक के माध्यम से क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 100 प्रतिशत का पुरजोर विरोध किया और इसे देश की घरेलु बचत को विदेशी पूंजी के हाथो में सौंपने का षडयंत्र बताते हुए बीमा कानून संशोधन बिल के प्रावधानों को देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए बहुत ही घातक बताया। बीमा कानून संशोधन बिल के संसद में पारित होने पर हड़ताल पर जाने का आह्वान किया। सभा को साथी संजय खले, प्रकाश बांगर और पेंशनर एसोसिएशन के साथी बी एल जैन ने संबोधित किया। साथी प्रवीण सरालकर ने नारेबाजी करवायी। साथी योगेश यादव ने आभार व्यक्त किया।

# वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन ने मनाई बसंत पंचमी



उज्जैन। वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस अवसर अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. दीपा आर्य ने कहा कि बसंत पंचमी न केवल धार्मिक महत्व का पर्व है, बल्कि इस दिन का सामाजिक एवं पर्यावरणीय महत्व भी है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन माता सरस्वती प्रकट हुई थीं, जोकि विद्या एवं बुद्धि की देवी है। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नये कार्य करने का अवसर भी होता है। साथ ही इस ऋतु के साथ मौसम बदलने लगता है, नव कौपलें फूटने लगती हैं। कार्यक्रम को सचिव रागिनी हटिया एवं अनिता भिटौरिया ने भी संबोधित करते हुए पावन पर्व की शुभकामनायें प्रेषित की। संचालन नीलम वर्मा ने किया, आभार कोषाध्यक्ष पुष्पा जंगरिया ने माना। इस अवसर पर सगठन की सक्रिय सदस्य प्रेमलता जंगरिया, नीलिमा वर्मा, वीणा सिकन्या, दिव्या रठा, अर्चना कछवाय, ममता मानकरे, टीना, राठौर संजना कोरी सहित कई महिलाऐं उपस्थित थीं।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com